**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक 22.10.2025</u>**

## मिशन शक्ति केन्द्र राठ द्वारा पारिवारिक विवाद का कराया गया समाधान

अवगत कराना है कि थाना राठ, जनपद हमीरपुर में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर दिनांक 21.10.2025 को आवेदिका रेखा पत्नी कंधीलाल अनुरागी, निवासी मुहल्ला अतरौलिया, थाना राठ, जनपद मीरपुर द्वारा उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उन्होंने अपने पति कंधीलाल अनुरागी के विरुद्ध गाली-गलौज एवं मारपीट करने की शिकायत की प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना राठ पर बुलाकर बातचीत कराई गई तथा समस्या को ध्यानपूर्वक सुना गया। दोनों पक्षों के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवाद के समाधान हेतु काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी विवाद समाप्त कर शांतिपूर्ण ढंग से जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया गया। टीम द्वारा आवेदिका एवं उसके पति को पारिवारिक जीवन के महत्व, पारस्परिक सहयोग एवं सम्मान के विभिन्न उदाहरण देकर समझाया गया तथा पति कंधीलाल अनुरागी को भविष्य में गाली-गलौज एवं मारपीट न करने की सख्त हिदायत दी गई। काउंसलिंग के पश्चात दोनों पक्षों ने आपसी सहमति व्यक्त करते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने एवं परस्पर सहयोग से जीवनयापन करने की बात कही। मिशन शक्ति टीम द्वारा आवेदिका रेखा की समस्या का समाधान कर भविष्य में आवश्यकतानुसार सहयोग का आश्वासन दिया गया। अंत में दोनों पक्षों को सकुशल रुक्सत किया गया।